# अभ्यास प्रचंड प्रहार

स्रोत: द हिंदू

भारतीय सेना ने **अरुणाचल प्रदेश** में पूर्वी कमान के अंतर्गत **त्रि-सेवा एकीकृत बहु-डोमेन युद्ध अभ्यास प्रचंड** प्रहार का आयोजन किया।

## अभ्यास प्रचंड:

- यह अभ्यास **भारत-चीन सीमा** पर आयोजित **'पूर्वी प्रहार' (नवंबर 2024)** के बाद आयोजित हुआ, जिसमें विमानन परिसंपत्तियों के एकीकृत उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया था।
- इसका उद्देश्य आधुनिक युद्ध परिदृश्यों में **अनुवीक्षण, कमान, नियंत्रण** और **सटीक मारक क्षमता** के लिये **एकीकृत दृष्टिकोण** को मान्य करते हुए **सेना, नौसेना और वायु सेना में परिचालन तत्परता** और एकीकरण को बढ़ाना है।
- इसमें **लंबी दूरी के टोही विमान, UAV, सशस्त्र हेलीकॉप्टर** और **अंतरिक्ष आधारित परिसंपत्तियों** सहित उन्नत प्लेटफॉर्म शामिल थे।
- वास्तविक युद्धक्षेत्र की परिस्थितियों को दोहराने के लिये **इलेक्ट्रॉनिक रूप से तैयार किये गए परिवेश में लड़ाकू विमानों, रॉकेट प्रणालियों, तोपखाने** और कामिकेज़ ड्रोनों (आत्मघाती ड्रोन या लोइटरिंग म्यूनिशन) के समन्वित हमलों के माध्यम से कृत्रिम लक्ष्यों को निष्प्रभावी कर दिया गया।

| **अन्य देशों के साथ भारत के सैन्याभ्यास** | |
|---|---|
| **अभ्यास का नाम** | **देश** |
| गरुड़ शक्ति | इंडोनेशिया |
| एकुवेरिन | मालदीव |
| हैंड-इन-हैंड | चीन |
| कुरुक्षेत्र | सिंगापुर |
| मित्र शक्ति | श्रीलंका |
| नोमेडिक एलीफैंट | मंगोलिया |
| शक्ति | फ्राँस |
| सूर्य किरण | नेपाल |
| युद्ध अभ्यास | संयुक्त राज्य अमेरिका |

**और पढ़ें:** भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-prachand-prahaar